CCE-II-RR/PR/PF/NSR/NSPR(A)/888/4011

**A**

ಜೂನ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 2
**JUNE 2024 EXAMINATION - 2**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**
**Code No. : 61-H**

**CCE RR/PR/PF/ NSR/NSPR FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)

**( Regular Repeater / Private Repeater / Private Fresh / NSR / NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 15. 06. 2024 ] [ Date : 15. 06. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**Cut here / ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)। प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

**15. 06. 2024**

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'हार' शब्द का विलोम रूप है –

(A) पराजय (B) जीत

(C) हानि (D) माला

2. 'नर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) नारा (B) नरम

(C) नया (D) नारी

3. निम्नलिखित में से 'एकवचन' शब्द है –

(A) चट्टान (B) टोलियाँ

(C) सेवाएँ (D) गमले

4. 'जागना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) जागो (B) जगवाना

(C) जगाना (D) जाग

5. 'कवींद्र' शब्द में संधि है –

(A) गुण (B) दीर्घ

(C) अयादि (D) वृद्धि

6. निम्नलिखित में से 'द्विगु समास' का उदाहरण है –

(A) शताब्दी (B) कार्यकुशल

(C) पाप–पुण्य (D) नीलकंठ

7. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्ण विराम (B) योजक चिह्न

(C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक

8. रमेश कलम ............... पत्र लिखता है ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) ने (B) से

(C) में (D) पर

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. निमकौड़ी का स्वाद : कड़वा : : सेब का स्वाद : .................

10. रेखाचित्र : गिल्लू : : व्यंग्य रचना : .........................

11. कर्नाटक के पश्चिम में : अरबी समुद्र : : कर्नाटक के दक्षिण में : ............

12. बलभद्र : बलराम : : जसोदा : ...................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक परसाई जी को कहाँ ठहराया गया था ?

14. साधोराम कहाँ काम करता था ?

15. 'अभिनव मनुष्य' विजयी बनकर कहाँ आसीन है ?

16. मातृभूमि के वन–उपवन कैसे हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. प्रेमचंद जी को किस बात का गम हुआ ?

18. आदिवासी दोस्त जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

19. धीरज सक्सेना बुद्धिमान रोबोट क्यों रखना चाहते थे ?

20. बाल–शक्ति के बच्चे गाँव की गंदगी को कैसे दूर करते हैं ?

21. कृष्ण अपनी माता यशोदा से क्या–क्या शिकायतें करता है ?

22. 'अभिनव मनुष्य' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए ।

23. शनि का वायुमंडल किन–किन गैसों से बना है ?

**अथवा**

शनैःचर का अर्थ क्या है ?

24. पाठ में सत्य के स्वरूप को कैसे उजागर किया गया है ?

**अथवा**

कार्यशिबिर के अंत में छात्रों को मीना मैडम क्या संदेश देती हैं ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के प्रति लेखिका अपना प्रेम कैसे प्रकट करती हैं ? बताइए ।

26. पं० राजकिशोर जी के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

27. 'सोशल नेटवर्किंग' का परिचय दीजिए ।

28. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।

29. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या सीख मिलती है ? बताइए ।

30. कविता में मातृभूमि की विशेषताओं का वर्णन कैसे किया गया है ?

31. 'समय की पहचान' कविता के अंतिम चार पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरू है । यहाँ देश–विदेश के लोग आकर बस गये हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छ: वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$**

34. जैनुलाबदीन का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

कलाम के व्यक्तित्व निर्माण में जलालुद्दीन का क्या योगदान है ? स्पष्ट कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता .............................

..........................................

..........................................

............................. भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4**

36. अहिंसा व सत्य को अपना धर्म माननेवाले मोहनदास करमचंद गाँधी स्वाधीनता संग्राम के नायक के रूप में नज़र आए । गाँधीजी के गुणों से प्रभावित होकर रवींद्रनाथ टैगोर ने सर्वप्रथम उन्हें 'महात्मा' का दर्जा दिया था । सत्य और

अहिंसा के बल पर अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्र कराने वाले महापुरुष गाँधीजी को 'राष्ट्रपिता' के रूप में भी जाना जाता है । गाँधीजी का पूरा जीवन मातृभूमि को समर्पित था । ''सादा जीवन उच्च विचार'' उनका मूल मंत्र था ।

(अ) गाँधीजी किसे अपना धर्म मानते थे ?

(आ) रवींद्रनाथ टैगोर ने गाँधीजी को 'महात्मा' का दर्जा क्यों दिया था ?

(इ) गाँधीजी का जीवन किसके प्रति समर्पित था ?

(ई) गाँधीजी का मूल मंत्र क्या था ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

37. (क) **मेरा प्रिय कर्नाटक**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ विषय विस्तार
* ✳ कर्नाटक की विशेषताएँ
* ✳ उपसंहार ।

(ख) **जनसंख्या की समस्या**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण
* ✳ परिणाम व उपचार
* ✳ उपसंहार ।

(ग) **समय का महत्व**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ समय का सदुपयोग
* ✳ समय का महत्व
* ✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5

38. चंद्रयान-3 के बारे में बताते हुए मित्र / सहेली के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

बड़ी बहन की शादी में भाग लेने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE